सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 248 | इंदौर, बुधवार 25 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत-वृंद को सिंहस्थ : 2028 के लिए किया आमंत्रित

# भगवान श्रीकृष्ण के विराट व्यक्तित्व में सांदीपनि आश्रम का योगदान महत्वपूर्ण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश से मथुरा-वृंदावन-गोकुल क्षेत्र का 5000 वर्ष से जीवंत संपर्क रहा है। भगवान श्रीकृष्ण बृज में पराक्रम करने के बाद शिक्षा ग्रहण करने उज्जैन के सांदीपनि आश्रम पधारे थे। इस नाते विश्व के सम्मुख भगवान श्री कृष्ण का जो विराट व्यक्तित्व आया उसमें उज्जयिनी का योगदान रहा। मथुरा-गोकुल के समान मध्यप्रदेश भी सनातन के विचार को बनाए रखने और उसके विस्तार में योगदान देता रहा है।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव वृंदावन में जीवनदीप आश्रम के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, श्री पंच दस नाम जूना अखाड़ा महामंडलेश्वर जीवनदीप पीठाधीश्वर स्वामी यतींद्र आनंद गिरि, महामंडलेश्वर अवधेशानंद जी, साध्वी ऋतंभरा सहित समस्त संत वृंद तथा बिहार के राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बालकों द्वारा प्रस्तुत हनुमान चालीसा के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वृंदावन में जीवनदीप आश्रम लोकार्पण समारोह में 'सनातन धर्म और जीवन दर्शन' पुस्तक का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जयिनी में वर्तमान में सिंहस्थ-2028 के लिए तैयारियां जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीवनदीप आश्रम के लोकार्पण में पधारे समस्त संत वृंद को सिंहस्थ-2028 के लिए आमंत्रित करते हुए उनसे उज्जैन पधारने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी यतींद्र आनंद गिरि जी की आध्यात्मिक यात्रा और समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया।

संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि वर्तमान में विश्व के कई देशों की व्यवस्था लड़खड़ा रही है। सनातन धर्म-संस्कृति की ध्वजा कई विपरीत परिस्थितियों को झेलने के बाद भी पूर्ण गरिमा के साथ लहरा रही है। इसमें हमारे आश्रमों और संतों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने प्रदेश के बड़वानी जिले में सुश्री भारती ताई द्वारा गरीब बच्चों के लिए संचालित विद्यालय की सराहना की। पद्मभूषण से सम्मानित साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि जीवनदीप आश्रम से वृंदावन की भव्यता में और वृद्धि होगी। संसार में विद्यमान बाधाओं से बढ़कर हमारी मन की आंतरिक बधाएं होती हैं, जो किसी कार्य को पूर्ण होने से रोकती हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम लक्ष्य प्राप्ति के लिए मनसा वाचा कर्मणा, शत-प्रतिशत प्रयास करें तो दुनिया की कोई भी शक्ति हमें अपने ध्येय की प्राप्ति से रोक नहीं सकती। बिहार और केरल के पूर्व राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में ज्ञान की धारा प्रवाहमान है। भविष्य में जीवन दीप आश्रम, ज्ञान के संरक्षण एवं संवर्धन का बड़ा केंद्र बनेगा। हमारे संतजन जनकल्याण के कार्य को समर्पित है।

# तेल शॉर्टेज की अफवाहों से पैनिक...

● आगर मालवा, इंदौर, मंदसौर से अहमदाबाद-राजकोट तक पेट्रोल पंपों पर भीड़



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बाधित होने के बाद से सोशल मीडिया पर पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर अफवाहें फैल रही है. इन्हीं अफवाहों के बीच मध्य प्रदेश और गुजरात के कई जिलों में अफरा-तफरी मच गई. इंदौर, आगर मालवा, मंदसौर, नीमच समेत गुजरात के अहमदाबाद, वडोदरा, गांधीनगर, सूरत और राजकोट में मंगलवार से पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें लग गईं. लोग ड्रम, केन, बोतल और कुप्पियों में ईंधन भरकर ले जाने लगे. जिससे कुछ पंपों पर पेट्रोल-डीजल खत्म हो गया, जिसके बाद पंप बंद कर दिए गए. प्रशासन का साफ कहना है कि किसी भी तरह की कमी नहीं है, फिर भी लोग घबराकर पेट्रोल-डीजल के लिए घंटों लाइन में लगे हुए हैं. इंदौर में मंगलवार को करीब तीन दर्जन से ज्यादा पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही भीड़ जुट गई. वाहन चालकों को घंटों इंतजार करना पड़ा. कई जगह पंप कर्मचारी और ग्राहकों के बीच बहस भी हुई. कुछ पंपों पर पेट्रोल खत्म होने के बाद बोर्ड लगा दिया गया और बाहर हुजूम जमा हो गया. पंप संचालकों ने बताया कि रात में टैंकर आने के बाद सुबह से सप्लाई फिर सुचारू हो जाएगी.

# ट्रंप ने ईरान को भेजा 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव

● इस बीच सैनिकों की तैनाती भी बढ़ा रहा अमेरिका



**वॉशिंगटन, (एजेंसी)** डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ईरान को 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव पेश किया है। यह जानकारी एक ऐसे व्यक्ति ने दी, जिसे इसकी जानकारी है, लेकिन उसे सार्वजनिक रूप से इस मुद्दे पर बोलने की अनुमति नहीं है। यह युद्धविराम प्रस्ताव पाकिस्तान के मध्यस्थों के जरिए ईरान को सौंपा गया है। पाकिस्तान द्वारा ही अमेरिका और तेहरान के बीच मध्यस्थता बातचीत की मेजबानी की पेशकश की गई है।

अमेरिका द्वारा ईरान को यह प्रस्ताव ऐसे समय भेजा गया है जब अमेरिकी सेना क्षेत्र में पहले से तैनात लगभग 50,000 सैनिकों के अलावा अपनी 82वीं एयरबोर्न डिवीजन से कम से कम 1,000 और सैनिकों को पश्चिम एशिया में तैनात करने की तैयारी कर रही है। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया था कि 15 सूत्रीय योजना ईरानी अधिकारियों को सौंप दी गई है। इस बीच, पेंटागन दो मरीन यूनिट्स की तैनाती की प्रक्रिया में भी है, जिससे क्षेत्र में करीब 5,000 मरीन और हजारों नाविकों की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी। वहीं इस्राइल की सरकार, जो ट्रंप से ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने की वकालत कर रही थी, वे अमेरिकी प्रशासन द्वारा युद्धविराम प्रस्ताव भेजे जाने से हैरान है। मध्य पूर्व में अतिरिक्त सैनिक और मरीन भेजने की अमेरिकी तैयारियों के बीच इस कदम को ट्रंप की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि युद्धविराम के चलते अमेरिका को आगे की रणनीति बनाने और सैनिकों की तैनाती का समय मिल गया है।

# होर्मुज में फंसे सारे 20 भारतीय जहाजों के निकलने का रास्ता साफ

## ईरान ने भारत के लिए उठा दिया बैरियर



**नई दिल्लीः पश्चिम एशिया संकट के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच ईरान की ओर से इजरायल पर हमले भी हो रहे हैं। लेकिन, इसी बीच ईरान ने इंटरनेशन मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन (IMO) से होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के बारे में बहुत बड़ा संकेत दे दिया है। ईरान की ओर से दिए गए बयान के अनुसार अब भारत जैसे मित्र राष्ट्रों के जहाज वहां से बेधड़क गुजर सकते हैं।**

ईरान की ओर से भारत जैसे मित्र देशों के लिए होर्मुज स्ट्रेट खोलने की बातें तब सामने आ रही हैं, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले हफ्ते ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से इसको लेकर दोबारा फोन पर बात की। फिर सोमवार और मंगलवार को क्रमशः लोकसभा और राष्ट्रसभा में उन्होंने यह बात दोहराई की 'होर्मुज का बंद होना भारत को स्वीकार्य नहीं'।

अब ईरान ने इंटरनेशन मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन को दिए बयान में साफ किया है कि 'अशत्रु जहाज' होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजर सकते हैं। अलबत्ता इसके लिए उसने कुछ शर्तें भी लगाई हैं, लेकिन फिर भी भारत का काम काफी आसान हो गया है। होर्मुज स्ट्रेट इलाके में इस वक्त 20 भारतीय झंडे वाले जहाज रह गए हैं। दो भारतीय एलपीजी टैंकर एक दिन पहले ही वहां से सुरक्षित निकले हैं, जिनपर 60 भारतीय नाविक सवार हैं।

# मेटा पर 3100 करोड़ का जुर्माना

● कोर्ट ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का ठहराया दोषी

**न्यू मैक्सिको,(एजेंसी) अमेरिका के न्यू मैक्सिको में एक जूरी ने मंगलवार को मेटा को बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बाल यौन शोषण से जुड़े खतरों को छिपाने का दोषी ठहराया। करीब सात हफ्ते चले इस ट्रायल के बाद आए इस फैसले को टेक कंपनियों के खिलाफ सख्ती के बढ़ते रुझान के रूप में देखा जा रहा है।**

जूरी ने राज्य के अभियोजकों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि मेटा (इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप का मालिक) ने सुरक्षा से ज्यादा मुनाफे को प्राथमिकता दी। जूरी ने माना कि कंपनी ने बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और यौन शोषण के खतरों को लेकर भ्रामक जानकारी दी और अनुचित व्यापारिक तरीकों का इस्तेमाल किया।

जूरी ने पाया कि हजारों उल्लंघन हुए हैं, जिनके आधार पर 375 मिलियन डॉलर यानी करीब 3100 करोड़ भारतीय रुपये का जुर्माना तय किया गया, जो अभियोजन पक्ष की मांग से काफी कम है। हालांकि, कंपनी का बाजार मूल्य लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर है और फैसले के बाद उसके शेयरों में करीब 5% की बढ़त देखी गई।

# सूरत पुलिस कड़ी सुरक्षा में लेकर पहुंची

## नारायण साईं की इंदौर फैमिली कोर्ट में पेशी

**इंदौर। दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे आसाराम के बेटे नारायण साईं को इंदौर फैमिली कोर्ट में पेश किया गया। उनकी पत्नी जानकी द्वारा दायर भरण-पोषण और तलाक प्रकरण में करीब एक घंटे से अधिक समय तक सुनवाई चली।**

जानकी ने फैमिली कोर्ट में तलाक और 50 हजार रुपए मासिक भरण-पोषण की मांग को लेकर मामला दायर किया है। इसी प्रकरण में सुनवाई के लिए गुजरात पुलिस नारायण साईं को कड़ी सुरक्षा के बीच सूरत से इंदौर लेकर पहुंची। कोर्ट परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पेशी के दौरान पुलिस नारायण साईं को तेजी से कोर्ट रूम के भीतर ले गई। सुनवाई समाप्त होते ही नारायण को फिर कड़ी सुरक्षा में बाहर निकाला गया और गुजरात पुलिस अपने साथ ले गई। फैमिली कोर्ट परिसर के बाहर बड़ी संख्या में आसाराम के अनुयायी भी मौजूद रहे। हालांकि सुरक्षा व्यवस्था के चलते किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनी।



मामले में पत्नी जानकी की अपील पर 2018 में नारायण को आदेश दिया था कि वह अपनी पत्नी जानकी हरपलानी को हर माह पचास हजार रुपए भरण-पोषण खर्च दें, लेकिन साईं ने राशि नहीं दी। हालांकि 2013 से नारायण सूरत जेल में है। ऐसे में यह राशि ब्याज सहित 55 लाख रुपए से ज्यादा हो गई है। मामले में मई 2025 में नारायण के एडवोकेट ने इस केस को रिओपन करने की अपील की थी। तब उनके एडवोकेट का कहना था कि जब कोर्ट ने यह आदेश दिया था तो 2013 से जेल में है। इसमें कोर्ट की ओर से उसका पक्ष नहीं जाना गया है। इस मामले में कोर्ट संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर चुकी है। नारायण और जानकी की शादी 1995 में हुई थी। मूलतः भोपाल निवासी जानकी ने नारायण साईं के खिलाफ करीब 4 साल पहले तलाक का केस लगाया है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में नारायण को नोटिस देकर तलब किया था लेकिन वह पेश नहीं हुआ था। नारायण साईं अभी दुष्कर्म के एक मामले में सूरत जेल में बंद है। दोपहर को उसे पुलिस सुरक्षा में इंदौर फैमिली कोर्ट लाया गया था। इस दौरान आसाराम के कुछ अनुयायी भी वहां मौजूद थे।

# ब्रेन डेड युवक का अंगदान, 3 मरीजों को मिला नया जीवन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शुजालपुर के रहने वाले अनुपम नालमे (34) के ब्रेन डेड होने के बाद उसके परिवार ने अंगदान का फैसला लिया। मंगलवार को बने 67वें ग्रीन कॉरिडोर के जरिए लिवर और दोनों किडनी तीन मरीजों को ट्रांसप्लांट की गईं।**

अनुपम नालमे को 20 मार्च को घर पर सीवियर ब्रेन हेमरेज हुआ था। उन्हें पहले वी-वन हॉस्पिटल और फिर 22 मार्च को सीएचएल केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने दो बार जांच के बाद ब्रेन डेड घोषित किया। मुस्कान ग्रुप के सेवादारों की काउंसलिंग के बाद परिवार ने अंगदान की सहमति दी। परिजनों ने अधिक से अधिक अंग दान करने की इच्छा जताई। मंगलवार दोपहर लिवर और एक किडनी सीएचएल हॉस्पिटल में भर्ती 44 और 34 वर्षीय महिलाओं को ट्रांसप्लांट की गई। दूसरी किडनी ग्रीन कॉरिडोर बनाकर शैल्बी हॉस्पिटल पहुंचाई गई, जहां 39 वर्षीय पुरुष को प्रत्यारोपित की गई। परिवार की इच्छा पर हाथ, पैंक्रियाज, बोन, हार्ट वाल्व और छोटी आंत के लिए एसओटीओ और एनओटीओ ने राष्ट्रीय स्तर पर अलर्ट जारी किया। हालांकि तकनीकी कारणों और तत्काल जरूरत नहीं होने से इनका ट्रांसप्लांट नहीं हो सका। अनुपम की त्वचा भी दान की गई है, जिससे अन्य मरीजों के उपचार में उपयोग किया जाएगा। परिजनों के अनुसार अनुपम सिविल इंजीनियर थे और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते थे। परिवार ने बताया कि वह हमेशा दूसरों की मदद के लिए आगे रहते थे। अंगदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद अनुपम को शहीदों जैसा सम्मान देते हुए गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान परिजन और अस्पताल स्टाफ मौजूद रहे।

# तीन इमली-साजन नगर की वाइन शॉप का विरोध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में दो शराब दुकानों को लेकर एमआईसी मेंबर ने विरोध जताया है। इसे लेकर वे पहले भी कलेक्टर को पत्र लिख चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि लगातार लोगों द्वारा उन्हें शराब दुकानों की शिकायतें की जा रही हैं।**

एमआईसी मेंबर व वार्ड 64 के पार्षद मनीष शर्मा 'मामा' ने कहा कि तीन इमली और साजन नगर में वाइन शॉप हैं, जिनके आसपास कई कॉलोनियां और बस्तियां हैं। यहां से महिलाओं और बच्चों का रोज आना-जाना होता है। पार्षद मनीष शर्मा 'मामा' ने बताया कि यहां आने-जाने का रास्ता एक है। कई लोग वाइन शॉप के बाहर खड़े होकर शराब पीते हैं। कई महिलाओं ने शिकायत की हैं कि यहां से निकलने के दौरान शराब पीने वाले लोग टिप्पणी भी करते हैं। रोड पर ही गाड़ियां खड़ी कर दी जाती है, जिसके कारण ट्रैफिक जाम भी होता है। एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा ने बताया कि वाइन शॉप हटाने को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा को 12 मार्च को लेटर लिख चुके हैं, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसे देखते हुए अब सीएम डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन दिया जाएगा।



# गंदगी देख नाराज हुए इंदौर निगम कमिश्नर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**।स्वच्छता में नंबर वन इंदौर में पब्लिक पैलेस और सार्वजनिक शौचालयों में गंदगी देख नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल भड़क गए। ऑन-द-स्पॉट एक्शन लेते हुए उन्होंने कर्मचारियों की सैलरी काटने के साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा है। उन्होंने अधिकारियों को भी स्पष्ट कर दिया है कि ऑफिस के जगह मैदान में उतरकर मॉनिटरिंग करें। शहर में सफाई व्यवस्था की मौजूदा स्थिति देखने के लिए निगम कमिश्नर मैदान में उतर गए। पैदल ही वार्डों में घूमे और सफाई व्यवस्था को परखा, मगर संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने जोन 9, 11 और 18 में बने सीटीपीटी को देखा, साफ-सफाई, रखरखाव के साथ ही जरूरी व्यवस्था देखी। मगर उम्मीदों के अनुसार सफाई नहीं मिली। गंदगी देख निगम कमिश्नर नाराज हो गए। उन्होंने संबंधित जोन के तीनों सीटीपीटी सुपरवाइजरों की एक-एक दिन की सैलरी काटने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक शौचालयों में स्वच्छता बनाए रखना बेहद जरूरी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करेंगे। यहां से वे जोन क्रमांक 5 में आने वाले विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे। एमआर-9 रोड स्थित आईआईटी चौराहे के पास सफाई व्यवस्था खराब मिलने पर उन्होंने लापरवाही बरतने वाले क्षेत्रीय दरोगा रूपेश तंबोली का दो दिन का वेतन काटने के लिए कहा। साथ ही संबंधित सीएसआई और सहायक सीएसआई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए बोला।

# एडवांस्ड एकेडमी द्वारा 33 समाज सेवकों का देवार्थ अवार्ड्स से नवाजा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एडवांस्ड एकेडमी द्वारा 'देवार्थ अवॉर्ड्स समारोह' का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के 33 प्रेरणादायक, सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज में अपने निःस्वार्थ योगदान से सार्थक प्रभाव डाला है। इंदौर और आसपास के क्षेत्रों के इन सच्चे नायकों ने यह साबित कर दिया कि निःस्वार्थ भावना से किए गए समर्पण और लगन से सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

समारोह में लेफ्टिनेंट कर्नल राहुल भोरास्कर कमांडिंग ऑफिसर 2 एम.पी. आर्म्ड स्क्वाड्रन इंदौर, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे , जिन्होंने पुरस्कार विजेताओं के निःस्वार्थ भाव एवं उनकी उत्कृष्ट सेवाओं की प्रशंसा की और 'देवार्थ अवॉर्ड्स ' को एक गौरवमय पहल बताया। समारोह में एडवांस्ड एकेडमी की छात्राओं द्वारा जोश भरी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। ज्योतिर्मय मूकबधिर (श्रवण और वाणी बाधित) विद्यालय बड़वाह के छात्रों द्वारा एक विशेष नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसने समारोह में चार चाँद लगा दिए। विद्यालय की निदेशिका और देवार्थ अवॉर्ड्स की संस्थापक श्रीमती टिम्सी राय ने अपने संबोधन में समाज की सेवा करने वाले व्यक्तियों को पहचानने के महत्व पर जोर दिया, जिससे सभी को सकारात्मक परिवर्तन में योगदान करने के लिए प्रेरित किया जा सके। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक अनिल राय, प्राचार्या श्रीमती उषा किरण तोमर, प्रबंधन सदस्यों और विशेष अतिथियों ने उपस्थित रहकर सभी पुरस्कार विजेताओं को उनकी उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएँ दीं। 'देवार्थ अवॉर्ड्स 2026' केवल एक आयोजन नहीं था बल्कि यह निःस्वार्थ भावना, मानवता, साहस और सामाजिक विकास की प्रेरणा देने वाला उत्सव था जो हर व्यक्ति में छिपी शक्ति को दर्शाता है जिसकी मदद से वह एक उज्जवल और सद्भावनापूर्ण समाज बनाने में सक्षम है ।

## कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

दुष्कर्म पीड़िता ने जनसुनवाई में की शिकायत

# टीआई देर रात को करते हैं व्हॉट्सएप कॉल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सीएम हेल्पलाइन में की गई शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाए जाने का मामला सामने आया है। कनाड़िया क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस कमिश्नर की जनसुनवाई में पहुंचकर एमजी रोड थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं।**

महिला ने बताया कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। उसने नीमच में पदस्थ एक पुलिसकर्मी अनिरुद्ध के खिलाफ महिला थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। आरोप है कि आरोपी ने कोर्ट में उसकी वैवाहिक स्थिति को लेकर गलत जानकारी प्रस्तुत की। पीड़िता के अनुसार, अप्रैल 2024 में उसने इस मामले की लिखित शिकायत एमजी रोड थाने में भी की थी। पुलिस ने उसके बयान तो दर्ज किए, लेकिन इसके बाद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कार्रवाई नहीं होने पर उसने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। महिला का आरोप है कि 19 जनवरी 2026 से एमजी रोड थाना प्रभारी विजय सिसौदिया उसे देर रात व्हाट्सएप कॉल कर परेशान कर रहे हैं और शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। मामले को लेकर महिला ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत के बाद मामले की जांच एक महिला अधिकारी को सौंपी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। एमजी रोड टीआई विजय सिसोदिया ने बातचीत में बताया कि वह महिला पूर्व में एक सिपाही के खिलाफ रेप की एफआईआर दर्ज कर चुकी है। वर्तमान में गलत दस्तावेज के मामले में एफआईआर दर्ज करना चाहती है। इसे लेकर वह काफी समय से दबाव बना रही थी क्योंकि सीएम हेल्पलाइन की जानकारी लेने संबंध में मेरे द्वारा एक ही बार बात की गई। महिला की शिकायत पूरी तरीके से भ्रामक और गलत है।



## नगर निगम का बजट 28मार्च को पेश होगा, मीटिंग का दौर जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर पालिका निगम परिषद का बजट सम्मेलन 28 मार्च को होगा। श्री अटल बिहारी वाजपेयी परिषद सभागृह अटल सदन निगम मुख्यालय में सुबह 11 बजे सभी इकट्ठा होंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव निगम परिषद का ई-बजट पेश करेंगे।**

निगम के बजट को लेकर महापौर सहित विपक्ष भी अपनी तैयारियों में लगा है। सम्मेलन में निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 का ई-बजट पेश किया जाएगा। एक तरफ जहां एमआईसी मेंबरों सहित महापौर बजट को लेकर चर्चा कर रहे है। वहीं, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष बुधवार को कांग्रेस पार्षदों के साथ मीटिंग कर सकते है। पुराने बजट को लेकर भी समीक्षा की जा रही है। बता दें कि बजट को लेकर मीटिंगों का दौर जारी है। लगातार बजट को लेकर मीटिंग की जा रही है। मंगलवार शाम को भी महापौर, एमआईसी मेंबरों के साथ नगर निगम में ही बजट को लकर मीटिंग कर सकते है। बजट में क्या कुछ होगा इसे लेकर मीटिंग में चर्चा की भी जाएगी। साथ ही कई बातों पर निर्णय भी लिया जा सकता है। नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि बजट को लेकर विपक्ष भी अपनी तैयारी कर रहा है। बुधवार को बजट को लेकर मीटिंग रखी है। मीटिंग में सभी से बजट को लेकर चर्चा और विपक्ष की तैयारी की जाएगी।




ठेला हटाने पहुंची निगम टीम से विवाद

## गाड़ी के नीचे लेटा दुकानदार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर थाना क्षेत्र में नगर निगम की कार्रवाई के दौरान एक दुकानदार द्वारा हंगामा और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।**

घटना सोमवार की है, जब नगर निगम की टीम गौरीनगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। इसी दौरान कार्रवाई से नाराज दुकानदार भोला चौरसिया ट्रक के नीचे जाकर लेट गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने भी निगम अमले से विवाद किया। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, निगम के सुपरवाइजर रिदम शुक्ला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया कि निगम को सूचना मिली थी कि गौरीनगर में बिजली डीपी के पास भोला चौरसिया अवैध रूप से ठेला और गुमटी लगाकर व्यापार कर रहा है। कार्रवाई के दौरान निगम टीम ने ठेला हटाकर ट्रक में रखा, तभी आरोपी ट्रक के नीचे लेट गया। उसे बाहर निकालने पर उसने विवाद शुरू कर दिया और अपने साथियों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि इस दौरान निगम कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की गई। मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बेसमेंट में दुकानों पर सख्ती, 39 को नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में बेसमेंट का उपयोग पार्किंग के बजाय व्यवसायिक गतिविधियों के लिए करने वालों पर नगर निगम सख्ती बरत रहा है। इसको लेकर निगम द्वारा लगातार सर्वे और कार्रवाई की जा रही है। जिन भवनों में बेसमेंट का गलत उपयोग पाया जा रहा है, उन्हें नोटिस जारी किए जा रहे हैं। तय समयावधि पूरी होने के बाद संबंधित संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी। अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि पिछले 20-25 दिनों से निगम की टीमें लगातार इस अभियान में जुटी हुई हैं। अब तक 96 से ज्यादा ऐसे बेसमेंट में पार्किंग शुरू कराई जा चुकी है, जहां पहले व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही थीं। उन्होंने बताया कि हाल ही में 39 भवन संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। सभी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बेसमेंट का उपयोग केवल पार्किंग के लिए ही किया जाए। इसके लिए 10 दिनों का समय दिया गया है। यदि इस अवधि में पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई तो संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बिल्डर से मांगे थे 15 करोड़

## लॉरेंस गैंग के नाम पर धमकी देने के मामले में शूटर गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बिल्डर और प्रसिद्ध कारोबारी संजय जैन को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर दी गई धमकी के मामले में क्राइम ब्रांच ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने इस मामले के मुख्य संदिग्ध मनीष जांगिड़ को अशोक नगर की जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कड़ी सुरक्षा के बीच इंदौर लाया जा रहा है। सोमवार को इंदौर क्राइम ब्रांच की 14 सदस्यीय टीम गुना पहुंची थी, जहां मनीष पहले से ही एक अन्य आपराधिक मामले में जेल में बंद था। अब उसे संजय जैन को धमकाने और रंगदारी मांगने के नए मामले में गिरफ्तार किया गया है। मनीष जांगिड़ का आपराधिक रिकॉर्ड काफी गंभीर रहा है। उसने इससे पहले अशोकनगर के व्यापारी अंकित अग्रवाल और एक अन्य व्यक्ति को वॉयस नोट के माध्यम से धमकी दी थी। उस दौरान उसने 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। अशोकनगर पुलिस ने मनीष को तब गिरफ्तार किया था जब वह शहर में पेट्रोल बम के जरिए दहशत फैलाने की योजना बना रहा था। गिरफ्तारी के बाद से ही वह जेल में था, लेकिन इंदौर के मामले में उसके तार जुड़ने के बाद क्राइम ब्रांच ने अपनी जांच तेज कर दी।



### लॉरेंस गैंग के हैरी बॉक्सर से सीधा कनेक्शन

पुलिस जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इंदौर के तुकोगंज क्षेत्र में बिल्डर संजय जैन को मिली धमकी के पीछे मनीष जांगिड़ का हाथ होने के पुख्ता सबूत मिले हैं। जांच के दौरान मनीष के संबंध लॉरेंस बिश्नोई गैंग के कुख्यात सदस्य हैरी बॉक्सर से पाए गए हैं। पुलिस को मनीष और हैरी के बीच पैसों के लेनदेन के रिकॉर्ड भी मिले हैं। पहले की पूछताछ में मनीष ने स्वीकार किया था कि लॉरेंस गैंग ने उसे इंदौर में भी एक बड़ा काम सौंपा है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि गैंग मध्य प्रदेश में अपना जाल फैला रही है।

### बिल्डर संजय जैन से मांगी गई थी 15 करोड़ की फिरौती

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि संजय जैन को पिछले गुरुवार को एक धमकी भरा फोन आया था। जब उन्होंने फोन काटा, तो उनके मोबाइल पर एक वॉयस मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का साथी और हैरी बॉक्सर बताया था। इस संदेश में बिल्डर से 15 करोड़ रुपये की मांग की गई थी और पैसे न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई थी। पुलिस अब मनीष से इस मैसेज के स्रोत और उसके अन्य साथियों के बारे में गहनता से पूछताछ करेगी। पुलिस का मानना है कि मनीष ही वह व्यक्ति था जो बिल्डर संजय जैन को टारगेट करने की साजिश रच रहा था। पूछताछ पूरी होने के बाद उसे वापस अशोकनगर जेल भेज दिया जाएगा। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि इस मामले में जल्द ही कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती हैं और लॉरेंस गैंग के स्थानीय नेटवर्क का पूरी तरह से पर्दाफाश किया जाएगा।

## ठेकेदार के हत्यारों को उम्रकैद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चार साल पहले जूनी इंदौर ब्रिज के नीचे ठेकेदार की हत्या करने वाले चार दोषियों को जिला कोर्ट ने उम्रकैद से दंडित किया है। मृतक का युवक का नाम राहुल झांजोट निवासी जूनी इंदौर है। दोषियों के नाम गोटू उर्फ प्रह्लाद, सत्री उर्फ कालू, कैलाश उर्फ शुभम और हेमराज बग्गन हैं। कोर्ट ने प्रत्येक आरोपी पर कुल 29 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। घटना 10 जून 2020 की शाम करीब 5.30 बजे हुई थी। लखन झांजोट जूनी इंदौर के ब्रिज के नीचे अपनी मामी की किराना दुकान के पास खड़ा था। तभी गोटू उर्फ प्रह्लाद, उसका भाई कालू उर्फ सत्री, हेमराज बग्गन और शुभम उर्फ लंगड़ा वहां जो बाइक पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पुरानी रंजिश में लखन के भाई राहुल झांजोट को घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। आरोपी गोटू उर्फ प्रह्लाद ने कमर से कट्टा निकालकर राहुल पर गोली चला दी, जो उसकी गर्दन के आर-पार हो गई। गंभीर रूप से घायल राहुल जमीन पर गिर पड़ा।

## प्रतिबंध के बावजूद गर्भगृह में पहुंची मंत्री



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मैहर, एजेंसी।** जिले में चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान वीआईपी दर्शन पर प्रतिबंध के बावजूद प्रभारी मंत्री राधा सिंह के मां शारदा मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर विशेष पूजा करने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। मंदिर प्रबंधन ने 17 मार्च को आदेश जारी कर भीड़ को देखते हुए वीआईपी प्रवेश और गर्भगृह में जाने पर पूरी तरह रोक लगाई थी, ताकि आम श्रद्धालुओं को समान रूप से दर्शन मिल सके। इसके बावजूद मंगलवार सुबह करीब 11 बजे मंत्री मंदिर पहुंचीं और गर्भगृह में प्रवेश कर पूजा-अर्चना और आरती की।

## गुणवत्ता में कोताही नहीं होगी बर्दाश्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माह में दो बार औचक निरीक्षण की व्यवस्था की गई है जिसके अंतर्गत 23 मार्च को मुख्य अभियंताओं के 7 दलों द्वारा प्रदेश के सीहोर, पांढुर्णा, भिण्ड, बड़वानी, मऊगंज, उज्जैन एवं पन्ना जिलों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 35 कार्यों का रेंडम आधार पर परीक्षण किया गया। इनमें से 21 कार्य लोक निर्माण विभाग (सड़क एवं पुल), 5 कार्य पीआईयू (भवन), 6 कार्य मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, 2 कार्य मध्यप्रदेश भवन विकास निगम तथा 1 कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित थे। निरीक्षण दलों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों की समीक्षा बैठक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री भरत यादव की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। बैठक में प्रमुख अभियंता (सड़क/पुल) के.पी.एस. राणा, प्रमुख अभियंता (भवन) श्री एस.आर. बघेल, सहित सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं निरीक्षणकर्ता अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में निरीक्षण प्रतिवेदनों के आधार पर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। शहडोल जिले में शहडोल–चुहरी–लफड़ा–मायका रोड के नवीनीकरण कार्य की स्थिति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार मैसर्स शुभ कंस्ट्रक्शन को ब्लैक लिस्ट करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने को कहा गया है।

## 5वीं-8वीं का रिजल्ट आज होगा जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं के करीब 23 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 25 मार्च को परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। रिजल्ट सुबह 11:30 बजे से ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध होगा, जहां छात्र अपने रोल नंबर या समग्र आईडी के जरिए आसानी से परिणाम देख सकेंगे। इस बार परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की गई थीं, जिससे छात्रों और अभिभावकों में परिणाम को लेकर खास उत्सुकता बनी हुई है।

### डॉ. यादव दतिया जिले के भांडेर में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में हुए शामिल

# किसान ही देश के भाग्य विधाता हैं, उनकी समृद्धि ही है हमारा संकल्प : मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सभी क्षेत्रों में निरन्तर आगे बढ़ रहा है। दुनिया का कोई ऐसा देश नहीं, जहां संकट आया और प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल से भारतीय नागरिकों की घर वापसी सुनिश्चित न की गई हो। मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को दतिया जिले में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्री बलराम को नमन करते हुए कहा कि किसान ही हमारे देश के भाग्य विधाता हैं। वे सूरज की तपती गर्मी में अपने परिश्रम से सभी के लिए अन्न उगाते हैं। कृषक कल्याण वर्ष में राज्य सरकार किसानों की समृद्धि के लिए संकल्पित है। प्रदेश के किसान आधुनिक कृषि यंत्रों से खेती करें, पशुपालन, मत्स्य पालन और कृषि आधारित उद्योग शुरू कर खाद्य प्र-संस्करण से अपनी आय दोगुनी करें। इसके लिए अनेक योजनाओं की सौगात दी जा रही है। अब हमारे किसान नरवाई प्रबंधन के लिए मशीनों से भूसा भी बना रहे हैं, जिससे उन्हें गेहूं और भूसा, दोनों से कमाई का सुनहरा मौका मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश बहुत जल्द देश का नंबर-1 राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान सम्मेलन में दतिया को 62.23 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 62.23 करोड़ लागत के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। इसमें भव्य सांदीपनि विद्यालय, दैवीय स्थल रतनगढ़ में यात्री निवास, स्टेडियम सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में हितग्राहियों को कृषि यंत्र, पशुपालन, खाद्य प्र-संस्करण के लिए हितलाभ भी वितरित किए।



### किसान ने भावुक होकर कहा शबरी को मिले हैं राम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भांडेर में अचानक किसान के खेत में पहुंचे। किसान के खेत में चल रही स्ट्रॉ रीपर मशीन की उन्होंने सवारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान से उनके खेत में चल रही स्ट्रॉ रीपर मशीन और उससे मिल रहे लाभ की जानकारी ली। किसान ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अचानक उनके खेत में आने पर भावुक होते हुए कहा, ऐसा लग रहा है शबरी को मिलने राम आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को किसान ने राधाकृष्ण की मूर्ति भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को किसान ने नया आया हुआ अनाज भेंट स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम में विधायक प्रदीप अग्रवाल, रघुवीर शरण कुशवाहा, पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया, कमलापत आर्य, श्रीमती रक्षा संतराम सरोनिया, गजेंद्र सिंह सिकरवार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित थे।

# लाल स्विफ्ट से लड़की को उठाया और 'सफेद क्रेटा' से पुलिस को दिया चकमा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, एजेंसी। सोहागपुर में सोमवार को भरे बाजार उस वक्त हड़कंप मच गया, जब सरेराह 16 वर्षीय लड़की का फिल्मी अंदाज में कार से अपहरण हो गया है। बदमाश वहां से लड़की को लेकर भाग निकले। साथ ही रास्ते में पुलिस को चकमा देने के लिए गाड़ी भी बदली। लेकिन पुलिस के आगे इनकी सारी कोशिशें नाकाम साबित हुई है।**

पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए अपहृत बच्ची को चार घंटे के अंदर ही बरामद कर लिया है। साथ ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपियों की घेराबंदी शुरू कर दी। उन्हें पकड़ने में सफल रही है। इस मामले में मुख्य आरोपी हमजा खान है। उसने अपने साथी रिजवान और जाहिद के साथ मिलकर लड़की का अपहरण किया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने बाजार में चल रही लड़की को कार में खींचा और लेकर फरार हो गए। इनलोगों ने अपहरण के लिए लाल रंग की स्विफ्ट कार का इस्तेमाल किया है। इसके बाद पुलिस को चकमा देने के लिए आरोपियों ने माखननगर में अपनी कार बदल ली। यहां से सफेद रंग की क्रेटा कार में लेकर लड़की को भागे। मगर लड़की के बहादुर भाई ने हार नहीं मानी। उसने कार पीछा किया। साथ ही परिजनों को गाड़ी नंबर के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही डायल 112 को सूचना दी। आरोपियों ने पुलिस को भटकाने के लिए लाल स्विफ्ट कार को बकतरा की ओर भगाया। वहीं, क्रेटा को वापस सोहागपुर स्थित फॉरेस्ट कॉलोनी में लेकर पहुंचे। यहां उनलोगों ने छुपने का प्लान बनाया।

● 'मोबाइल पर किससे बात कर रही हो?'

## फोन पर बिजी पत्नी को पति ने डंडों से पीट पीटकर मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल, एजेंसी।** जिले से रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक वारदात सामने आई है। भैंसदेही थाना इलाके के बैलढाना गांव में एक पति ने महज इस शक में अपनी पत्नी की हत्या कर दी कि वह फोन पर किसी और से बात करती है। आरोपी पति राजू धोटे (28) ने अपनी पत्नी मालोबाई (27) पर डंडे से इतना जानलेवा हमला किया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने रविवार देर रात भाग रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना शनिवार रात की है, जब आरोपी राजू धोटे शराब के नशे में धुत होकर घर लौटा। घर पहुंचते ही उसका पत्नी मालोबाई के साथ मोबाइल फोन को लेकर विवाद शुरू हो गया। राजू को शक था कि उसकी पत्नी छिपकर किसी और से बात करती है और उसके साथ बेवफाई कर रही है। बहस इतनी बढ़ी कि राजू ने आपा खो दिया और पास पड़े डंडे से पत्नी के सिर और शरीर पर ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए। अचानक हमले से पत्नी को हिलने का मौका तक नहीं मिल पाया। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और लहूलुहान हालत में मालोबाई को जिला अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी राजू मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

# मुंह पर कालिख पोतने जैसा काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** कुंभ के दौरान चर्चा में आई मोनालिसा की शादी को लेकर अब संत समाज की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। अखिल भारतीय संत समिति मध्यप्रदेश के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष स्वामी अनिलानंद ने इस पूरे मामले पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि देखिए शादी-विवाह करना तो आपसी मेल-मिलाप से होता है, इसमें कोई दो राय नहीं है। मोनालिसा जैसे व्यक्ति, जो कुंभ से चर्चा में आई और उसके बाद जिस तरह से वह ट्रोल हुई, उसके बाद जो कदम उन्होंने उठाया, वह पूरे समाज के मुंह पर कालिख पोतने जैसा है। अनिलानंद ने कहा कि इस मामले में परिवार की सहमति भी नहीं है। परिवार वाले भी इसके खिलाफ बता रहे हैं।

# संपादकीय

## अशांत लहरों के बीच भारतीय नौसेना का अभय कवच

स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज इस वक्त दुनिया में चिंता का विषय बना हुआ है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जंग का दुनिया भर में असर हो रहा है। समुद्री व्यापार और खासतौर पर एनर्जी सप्लाई पर असर पड़ा है। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से होने वाला ग्लोबल एनर्जी ट्रेड बाधित हो रहा है। भारत के जहाजों की यहां से आवाजाही हो रही है लेकिन ये एरिया बहुत रिस्की बना हुआ है। इस संवेदनशील स्थिति में इंडियन नेवी के वॉरशिप यहां से आ रहे भारतीय शिप को एस्कॉर्ट कर उनकी सुरक्षा तो सुनिश्चित कर ही रहे हैं साथ ही नेवी भारतीय जहाजों को हॉर्मुज पार करने के लिए सुरक्षित रास्ते की जानकारी भी दे रही है। सूत्रों के मुताबिक नेवी उन जहाजों के संपर्क में है जो एक-एक कर फारस की खाड़ी से हॉर्मुज स्ट्रेट पार कर बाहर निकल रहे हैं। जहाजों को एक-एक कर कॉन्टैक्ट में लेकर उन्हें सुरक्षित तरीके से स्ट्रेट पार कराया जा रहा है। हॉर्मुज स्ट्रेट पार करने के बाद नेवी के वॉरशिप उन्हें एस्कॉर्ट करते हुए आधे रास्ते तक सुरक्षित पहुंचा रहे हैं, ताकि संभावित खतरों से बचा जा सके। इंडियन नेवी ने पहले ही अपनी तैनाती को हॉर्मुज स्ट्रेट के ईस्ट में ओमान की खाड़ी इलाके में बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक एस्कॉर्ट मिशन लगातार जारी रहे, इसके लिए उस इलाके में पर्याप्त वॉरशिप और लॉजिस्टिक सपोर्ट तैनात किया गया है। इस एरिया में नेविगेशन भी चुनौती बना हुआ है। अमेरिकी ने दावा किया था कि ईरान ने हॉर्मुज स्ट्रेट के पास अंडरवॉटर माइंस बिछाई हैं। अगर ये माइंस वहां हैं तो किसी भी जहाज से टकराने या संपर्क में आने पर भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसके अलावा पानी में कई दूसरे तरह के खतरे भी हो सकते है। इसलिए नेवी इंडियन फ्लैग्ड शिप्स को सुरक्षित रूट बताने में मदद कर रही है। आम तौर पर दुनिया भर की शिपिंग लाइंस हाइड्रोग्राफिक चार्ट आधारित सिस्टम से जहाजों को संचालित करती हैं, लेकिन मौजूदा हालात में जोखिम कई गुना बढ़ गया है। दुनिया के सबसे व्यस्त और संवेदनशील समुद्री मार्गों में शामिल हॉर्मुज से होकर वैश्विक तेल सप्लाई का बड़ा हिस्सा गुजरता है।

## ज्ञान-विज्ञान

# NASA चंद्रमा पर बनाएगा स्थाई इंसानी बेस... 1.87 लाख करोड़ के मिशन का ऐलान



**अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी NASA ने एक बहुत बड़ा कदम उठाया है. उसने लगभग 20 अरब डॉलर (करीब 1.87 लाख करोड़ रुपये) की एक बेहद बड़े प्रोजेक्ट की घोषणा की है. इस प्रोजेक्ट का मुख्य लक्ष्य चंद्रमा पर एक स्थाई इंसानी बेस बनाना है. इसके बाद मंगल ग्रह के लिए परमाणु तकनीक का परीक्षण करना है. अंतरिक्ष मिशनों को छोटे-छोटे मिशनों से आगे बढ़ाकर लंबे समय तक रहने वाले मिशनों में बदलना है. पहले NASA के मिशन सिर्फ कुछ दिनों या हफ्तों के लिए होते थे. अब वह चंद्रमा पर लंबे समय तक इंसानों को रहने और काम करने की सुविधा बनाना चाहता है. इसमें ह्यूमन सेटलमेंट, बिजली बनाने की व्यवस्था, संचार नेटवर्क और नियमित क्रू व कार्गो मिशन शामिल होंगे. एजेंसी का मानना है कि चंद्रमा पर मजबूत बुनियादी ढांचा बनाने से आगे मंगल ग्रह तक जाना आसान हो जाएगा.**

### आर्टेमिस मिशन के तहत होगी योजना

यह पूरी योजना NASA के आर्टेमिस मिशन के तहत चलेगी. आर्टेमिस मिशन का टारगेट चंद्रमा पर स्थाई तौर पर इंसानों की मौजूदगी पुख्ता करना है. आर्टेमिस IV मिशन के तहत 2028 में अंतरिक्ष यात्री पहली बार चंद्रमा की सतह पर उतरेंगे. आर्टेमिस III अब सिर्फ नई तकनीकों का परीक्षण करेगा. 2027 से चंद्रमा पर लगभग हर महीने उपकरण, रोवर और वैज्ञानिक सामान भेजे जाएंगे.

### परमाणु ऊर्जा से चलेगा चंद्रमा बेस

मिशन का एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा परमाणु ऊर्जा है. NASA अमेरिकी ऊर्जा विभाग के साथ मिलकर 2030 तक चंद्रमा पर एक छोटा परमाणु रिएक्टर लगाने की योजना बना रहा है. यह रिएक्टर चंद्रमा की लंबी और अंधेरी रातों में भी लगातार बिजली देगा, जहां सूरज की रोशनी नहीं होती. परमाणु ऊर्जा के बिना चंद्रमा पर लंबे समय तक रहना मुश्किल है.

### मंगल ग्रह के लिए नई तकनीक

NASA ने 2028 से पहले 'स्पेस रिएक्टर-1 (SR-1) फ्रीडम' मिशन लॉन्च करने की घोषणा की है. इस मिशन में न्यूक्लियर इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन तकनीक का परीक्षण किया जाएगा. यह तकनीक पुराने रॉकेटों से ज्यादा तेज और कुशल है, जिससे मंगल तक का सफर आसान हो सकता है. मंगल पर नई पीढ़ी के हेलीकॉप्टर भी भेजे जाएंगे, जो उन इलाकों की खोज करेंगे जहां रोवर नहीं पहुंच सकते. NASA इस योजना में निजी कंपनियों को भी ज्यादा शामिल कर रहा है. इससे लागत कम होगी और काम तेजी से होगा. नासा के एडमिनिस्ट्रेटर जेरेड इसाकमैन कहते हैं कि NASA अब तेज फैसले ले रहा है. पुरानी धीमी व्यवस्था को बदल रहा है.

# डाइमिथाइल मरक्यूरी... धुरंधर-2 में जिस स्लो पॉयजन का जिक्र है, क्या वो सच में है?

फिल्म 'धुरंधर-2' में एक बहुत खतरनाक स्लो पॉयजन का नाम लिया गया है – डाइमिथाइल मरक्यूरी. फिल्म में इसे इतना खतरनाक बताया गया कि यह धीरे-धीरे शरीर में घुसकर इंसान को मार देता है. सवाल यह है कि क्या यह पॉयजन सच में होता है?

जवाब है – हां, यह बिल्कुल असली है. यह दुनिया के सबसे जहरीले रसायनों में से एक है. वैज्ञानिक इसे ऑर्गेनोमर्करी कंपाउंड कहते हैं. यह इतना खतरनाक है कि सिर्फ दो बूंदें भी इंसान की जान ले सकती हैं.

डाइमिथाइल मरक्यूरी की खोज बहुत पुरानी है. इसे सबसे पहले 1857-1858 में ब्रिटिश केमिस्ट जॉर्ज बकटन ने बनाया था. वे लंदन के रॉयल कॉलेज ऑफ केमिस्ट्री (अब इंपीरियल कॉलेज) में काम करते थे. उन्होंने मिथाइलमर्करी आयोडाइड को पोटैशियम सायनाइड के साथ मिलाकर यह बनाया.

बाद में एडवर्ड फ्रैंकलैंड नाम के वैज्ञानिक ने 1863 में इसे और आसान तरीके से बनाने का




तरीका खोजा. शुरू में यह सिर्फ लैब में रिसर्च के लिए बनाया जाता था. कोई भी इसे जानबूझकर हथियार या हत्या के लिए नहीं बनाता था क्योंकि यह इतना खतरनाक है कि खुद बनाने वाले को भी खतरा हो सकता है.

यह एक लैब में बनाया जाने वाला रसायन है. मुख्य तरीका है – मर्क्यूरिक क्लोराइड को मिथाइल लिथियम या सोडियम अमलगम के साथ रिएक्ट करवाना होता है. यह एक भारी, रंगहीन तरल होता है जो पानी जैसा दिखता है लेकिन उससे तीन गुना भारी होता है.

इसमें मर्करी और दो मिथाइल ग्रुप जुड़े होते हैं. बनाना बहुत मुश्किल और खतरनाक है क्योंकि यह आसानी से भाप बनकर हवा में फैलता है. आजकल इसे सिर्फ बहुत सुरक्षित लैब में ही बनाया जाता है. ज्यादातर देशों में इसकी हैंडलिंग पर सख्त पाबंदी है.

इसका कोई व्यावसायिक या रोजमर्रा का उपयोग नहीं है क्योंकि यह इतना जहरीला है. पहले कुछ पुरानी लैब रिसर्च में ऑर्गेनोमेटैलिक कंपाउंड्स बनाने के लिए इस्तेमाल होता था. 1997 में अमेरिका के डार्टमाउथ कॉलेज की केमिस्ट केरन वेटरहान के साथ हादसा हुआ. उन्होंने लैटेक्स ग्लव्स पहनकर सिर्फ दो बूंदें स्पिल कीं. ग्लव्स से पेनिट्रेट होकर यह त्वचा में घुस गया.

पांच महीने बाद लक्षण शुरू हुए. कुछ महीनों बाद उनकी मौत हो गई. यह केस दुनिया भर में चर्चा में रहा.

Uttarpradesh

# 12,732 छापे, 16 गिरफ्तारियां... यूपी में LPG कालाबाजारी पर ताबड़तोड़ एक्शन

**लखनऊ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार ने बड़ा अभियान चलाया है. 12 मार्च से अब तक पूरे राज्य में 12,732 जगहों पर छापेमारी की गई है. इस दौरान 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया. साथ ही 25 गैस एजेंसियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई. इसके अलावा 152 लोगों को कालाबाजारी में शामिल पाया गया. वहीं 185 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है.

एजेंसी के अनुसार, बीते 12 मार्च को मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को साफ निर्देश दिए थे कि जरूरी चीजों की सप्लाई लगातार बनी रहनी चाहिए. अगर कहीं



कोई दिक्कत आती है, तो उसे तुरंत ठीक किया जाए. इसी के बाद पूरे प्रदेश में सख्ती बढ़ा दी गई. प्रदेश में इस समय 4,108 एलपीजी गैस वितरक काम कर रहे हैं. ये सभी एजेंसियां लोगों को उनकी बुकिंग के हिसाब से गैस सिलेंडर पहुंचा रही हैं. अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल गैस की कोई कमी नहीं है और सभी एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक मौजूद है. इसलिए लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है. अधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार ने 23 मार्च से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई 20 प्रतिशत बढ़ा दी है. इसका फायदा यह होगा कि होटलों, ढाबों और दुकानों में इस्तेमाल होने वाली गैस आसानी से मिल सकेगी. इससे घरेलू गैस पर दबाव कम होगा और आम लोगों को भी आसानी से सिलेंडर मिलते रहेंगे.

Punjab

## आप विधायक हरमीत पठानमाजरा गिरफ्तार

- दुष्कर्म केस में चल रहे थे फरार, पटियाला पुलिस ने ग्वालियर से पकड़ा



**पटियाला (पंजाब), (एजेंसी) दुष्कर्म के केस में फंसे आम आदमी पार्टी के सनौर विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा को पटियाला पुलिस ने मध्य प्रदेश में ग्वालियर के नजदीक से गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी वरुण शर्मा ने इसकी पुष्टि की।**

पठानमाजरा बीते कई महीनों से फरार चल रहे थे। पठान माजरा पर सितंबर में पटियाला के सिविल लाइन थाने में जीरकपुर की एक महिला की शिकायत पर दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया था। बाद में जब इस केस में पटियाला पुलिस पठानमाजरा को गिरफ्तार करने के लिए हरियाणा के गांव में पहुंची तो वहां से पठान माजरा फरार हो गए थे।

पठान माजरा पर आरोप लगे थे कि वह पुलिस पार्टी पर हमला करके फरार हुए हैं। हालांकि बाद में फरारी के दौरान उनके ऑस्ट्रेलिया में होने की बात सामने आई। इस दौरान पठानमाजरा लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी करके अपनी ही सरकार पर हमलावर रहे। उन्होंने सरकार पर बदले की राजनीति से उनके खिलाफ पर्चा दर्ज करने का आरोप लगाया।

पठानमाजरा ने कहा कि उन्होंने बाढ़ के दौरान अपने सनौर हलके के लोगों के हकों के लिए सरकार के खिलाफ आवाज उठाई थी, इसी के चलते उन पर कार्रवाई हुई है।

New Delhi

## दिल्ली के करोल बाग में पलटी डबल डेकर बस, 2 की मौत, कई घायल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के करोल बाग इलाके में झंडेवालान मंदिर के पास देर रात एक डबल डेकर बस असंतुलित होकर पलट गई. दिल्ली पुलिस ने बताया कि इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी अब मौत हो गई है. अब पुलिस मामले की जांच कर रही है. दमकल विभाग के मुताबिक, ये बस राजस्थान से आई थी जो हनुमान मंदिर चौक के पास पलट गई. उन्हें कॉल रात 1 बजकर 8 मिनट पर मिली. इस बस में तकरीबन 25 के आसपास यात्री सवार थे. कुछ घायल हैं जिन्हें अस्पताल भेजा गया है. ये डबल डेकर बस नए नियमों का पूरी तरह पालन नहीं कर रही थी. इस डबल डेकर बस में सिर्फ एक मेन डोर था, जो अगले हिस्से में था. एकदम पीछे एक इमरजेंसी रास्ता है जो तोड़ा गया है. इसके अलावा जो पीछे की तरफ गेट होता है वहां सीट लगाई गई थी. तीन दिन पहले जयपुर-दिल्ली हाईवे पर भी एक बस हादसे का शिकार हो गई थी. हरियाणा रोडवेज की एक तेज रफ्तार बस ने हाईवे पर जयपुर के चंदवाजी इलाके में पुलिया के पास एक बाइक को कुचल दिया था. इस बाइक पर चार लोग सवार थे, जिनमें से 3 दोस्तों की मौत हो गई. हादसे के दौरान बस डिवाइडर के प्लांटेशन एरिया में घुस गई थी.

New Delhi

दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते भारत आ रहे थे विदेशी हथियार, 10 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। क्राइम ब्रांच ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय आर्म्स ट्रैफिकिंग मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। 10 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इन पास से सब-मशीन गन सहित 21 विदेशी अत्याधुनिक हथियार बरामद हुए हैं। जांच में सामने आाय है कि यह पूरा नेटवर्क पुरानी दिल्ली से ऑपरेट हो रहा था और इसके तार पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश तक जुड़े हुए थे। क्राइम ब्रांच ने 21 विदेशी हथियार बरामद किए। जिनमें सब-मशीन गन, PX-5.7 पिस्तौल, PX-3 पिस्तौल, शैडो CZ पिस्तौल, बेरेटा पिस्तौल, टॉरस पिस्तौल और वाल्थर पिस्तौल शामिल हैं। PX-5.7 पिस्तौल का बरामद



होना चिंता का विषय है, क्योंकि इस पिस्तौल का इस्तेमाल विशेष रूप से स्पेशल फोर्सेज द्वारा किया जाता है। इस मॉड्यूल को दिल्ली के वॉल सिटी इलाके से ऑपरेट किया जा रहा था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इन हथियारों को पाकिस्तान से भारत में तस्करी कर लाया जा रहा था।

खेल

# आरसीबी सबसे महंगी आईपीएल टीम

- 16.71 हजार करोड़ में आदित्य बिड़ला, टाइम्स ग्रुप समेत 4 कंपनियों ने खरीदा, राजस्थान रॉयल्स 15 हजार करोड़ में बिकी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) 1.78 बिलियन डॉलर यानी करीब 16,706 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड बोली के साथ बिक गई है। इसके साथ ही बेंगलुरु IPL की सबसे महंगी टीम बन गई। RCB टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन भी है।**



क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, RCB की मेंस और विमेंस टीम को आदित्य बिड़ला ग्रुप (ABG), टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप (TOI), बोल्ट वेंचर्स (Bolt) और ब्लैकस्टोन्स परपिचुअल प्राइवेट इक्विटी स्ट्रैटिजी (BXPE) ने मिलकर खरीदा। डील को पूरा करने के लिए BCCI, कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया और अन्य रेगुलेटरी संस्थाओं की मंजूरी जरूरी होगी।

दोनों ही टीमें मौजूदा समय में IPL और WPL की चैंपियन हैं। इससे पहले क्रिकबज ने ही मंगलवार को बताया था कि राजस्थान रॉयल्स 1.63 बिलियन डॉलर यानी करीब 15,289 करोड़ रुपए की बोली के साथ बिक गई है। राजस्थान अब दूसरी सबसे महंगी IPL टीम बन गई।

न्यूज एजेंसी PTI ने सोर्स के हवाले से बताया कि भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन काल सोमानी और उनके कॉन्सोर्टियम ने राजस्थान के लिए सबसे बड़ी बोली लगाई, जिसे मंजूर कर लिया गया।

**RCB और RR 2 सबसे महंगी IPL टीमें-** RCB सबसे महंगी टीम बनी। वहीं राजस्थान ने लखनऊ सुपर जायंट्स का रिकॉर्ड तोड़ा था। लखनऊ को संजीव गोयनका के RPSG ग्रुप ने 2021 में 7,090 करोड़ की भारी बोली लगाकर खरीदा था।

सिनेमा

## 'सनोज मिश्रा ने की छेड़छाड़', डायरेक्टर पर भड़कीं मोनालिसा, पूछा- मूवी के लिए रेप करोगे?



महाकुंभ से रातोरात सेंसेशन बनीं मोनालिसा को फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने स्टार बनाया. अपनी फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में हीरोइन लिया, एक्टिंग की ट्रेनिंग दी. लेकिन फरमान खान की दुल्हन बनने के बाद मोनालिसा के तेवर ही बदल गए हैं. मोनालिसा की शादी को उनके परिवार और सनोज मिश्रा ने लव जिहाद का नाम दिया. इस रिश्ते पर सवाल उठाए. इस पूरे विवाद पर मोनालिसा ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सनोज मिश्रा को आड़े हाथों लिया. मोनालिसा ने अपनी डेब्यू फिल्म के डायरेक्टर सनोज मिश्रा पर छेड़छाड जैसा गंभीर आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि सनोज मिश्रा ने उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश की. जब उन्होंने परिवार को इस बारे में बताया, विरोध किया, तो उन्होंने कोई एक्शन नहीं लिया. उल्टा मोनालिसा को चुप रहने को कहा. केरल में मीडिया से बात करते हुए मोनालिसा ने कहा- मेरे और फरमान के पास सिर्फ एक ही रास्ता बचा है, वो है सुसाइड. अगर दिल्ली और मध्य प्रदेश की सरकार हमारी मदद नहीं करती है तो हम दोनों सुसाइड कर लेंगे. इसके अलावा हमारे पास कोई ऑप्शन नहीं बचा है. खुलेआम हमें काटने, मारने की धमकियां मिल रही हैं. हमारे पोस्टर जलाए जा रहे हैं. मैं सब सरकार से हाथ जोड़कर विनती करती हूं कि वो हमें सपोर्ट करें. इसके बाद मोनालिसा ने सनोज मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा- जो सनोज मिश्रा कह रहे हैं कि मुझे मोनालिसा का नाम लेते हुए शर्म आ रही है, वो मेरी फिल्म का हिस्सा नहीं बनेगी. मुझे खुद उनकी फिल्म का हिस्सा नहीं बनना है. क्योंकि वो बेहद घटिया इंसान हैं.

## Highlights

1. **Harish Rana's family donates corneas, heart valves after passive euthanasia**
2. **Gujarat passes UCC Bill, becomes second state to adopt it**
3. **Land mafias had encroached upon sports fields in UP till 2017: CM**
4. **Statues of 3 martyrs demolished in UP during road project, officials suspended**
5. **PNG expansion in Bengaluru to hit roads, ease LPG worries**

# Sensex, Nifty 50 surge as oil recedes below $100 on Iran war ceasefire hopes

**NEW DEIHI, (Agency).** India's stock market surged for a second consecutive session today, joining a broader Asian relief rally as signs of a Iran war ceasefire sent crude oil prices tumbling below the $100-per-barrel.

The 30-share S&P BSE Sensex climbed as much as 1,161 points, or 1.57%, to 75,230.06 in morning trade, while the wider NSE Nifty 50 rose 1.6% to cross the 23,200 mark. The rally was broad-based, with 15 of the 16 major sectoral indices logging gains. Small-cap and mid-cap stocks outperformed the benchmarks, rising 2.7% and 2.2%, respectively.

The primary catalyst for the risk-on sentiment was a reported shift in US foreign policy. On Tuesday, President Donald Trump indicated that progress is being made toward a negotiated settlement in the Middle East. Reports suggest the US has presented Tehran with a 15-point plan aimed at a



month-long ceasefire, providing a much-needed reprieve for global energy markets.

Brent crude, the international benchmark, slumped 4.4% to trade near $99.89 per barrel. For India, which imports more than 80% of its oil requirements, the retreat in energy prices acts as a massive tailwind for corporate margins and fiscal stability.

"Hope is returning to the market with indications of de-escalation in the conflict. Remarks from Trump and from the Iranian regime indicate that the conflict might end soon," V.K. Vijayakumar, chief investment strategist at Geojit Investments, said in an email. "These positive geopolitical developments have reflected in sharp decline in Brent crude to around $98."

Despite the optimism, some analysts urged caution. While Tehran has indicated that "non-hostile ships" can transit the critical Strait of Hormuz, Iranian officials have officially denied that direct talks are currently underway.

The recovery comes against a backdrop of historic selling by foreign investors.

# OnePlus India CEO Robin Liu quits as market share plummets, fueling exit fears

**NEW DEIHI, (Agency).** Robin Liu, the chief executive officer of OnePlus India Pvt. Ltd., has resigned, even as the Chinese smartphone maker controlled by Oppo grapples with eroding market share in its biggest international market.

"We thank Robin for his contributions and wish him the very best as he moves on to pursue personal passions," OnePlus said in a statement, adding that "business continuity" is ensured under a local strategy, though it has notably not yet named a successor.



Liu's exit follows a brutal year for the brand in its most critical market. According to data from IDC, OnePlus' India sales fell 38.8% year-on-year in 2025, even as rivals Apple Inc. and Samsung Electronics Co. Ltd. gained premium market share.

Once the undisputed leader of India's premium smartphone tier, OnePlus has seen its "flagship killer" identity diluted. The Nord series, a mid-tier sub-brand, is widely seen as the culprit, which while drove initial volumes has eroded the brand's elite status. Liu's resignation has reignited speculation that Oppo is preparing to pull the plug on the OnePlus brand outside of China. Just 24 hours prior to the announcement, industry reports suggested a massive restructuring that could see OnePlus exit Western markets—including Europe and North America—as early as April 2026. While OnePlus officially denied shutdown rumours in January, the internal reality appears increasingly consolidated. Under a "unified" business model, OnePlus and sister-brand Realme have reportedly been placed under the oversight of Realme CEO Sky Li.

# कांग्रेस की बैठक में हंगामा... भोजन को लेकर धक्का-मुक्की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मंगलवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के दौरे के दौरान पार्टी की रणनीति को लेकर मंथन हुआ। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मालवा-निमाड़ क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने की दिशा में चर्चा की गई। इस बैठक में शहर कार्यकारिणी, विभिन्न मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष और पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद कार्यालय में भोजन को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच धक्का मुक्की की स्थिति बन गई।



कांग्रेस अब मालवा-निमाड़ में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए इंदौर को केंद्र बनाकर रणनीति तैयार कर रही है। बैठक में शहर की 9 विधानसभा सीटों के साथ पूरे क्षेत्र में संगठन को सक्रिय करने पर जोर दिया गया। पार्टी बूथ स्तर से अभियान शुरू करने की तैयारी में है, ताकि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा सके। बैठक के दौरान प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने साफ कहा कि जो नेता और कार्यकर्ता जनता के बीच नहीं जा रहे, वे पार्टी के नहीं बल्कि बीजेपी के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सक्रिय होकर मैदान में उतरने की नसीहत दी। बैठक खत्म होने के बाद कांग्रेस कार्यालय में अव्यवस्था भी देखने को मिली। भोजन वितरण के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई, जिससे संगठनात्मक अनुशासन पर सवाल उठने लगे।

## चलते ट्रक से लाखों के पार्सल चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में बदमाशों ने चलते ट्रक का लॉक तोड़कर लाखों रुपए के पार्सल चोरी कर लिए। पुलिस ने ट्रक चालक की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। पंजाब निवासी ट्रक चालक अमरेंद्र सिंह ने बताया कि वह डाकाच्या वेयरहाउस से माल लेकर औरंगाबाद जा रहा था। रास्ते में पीछे आ रहे वाहन चालक ने गेट खुला होने का इशारा किया। ट्रक रोककर जांच करने पर अंदर से 12 पार्सल बॉक्स और बोरे गायब पाए गए। घटना के बाद ट्रक मालिक को सूचना दी गई। कनाड़िया पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# गर्लफ्रेंड से विवाद के बाद दूसरी मंजिल से लगाई छलांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सिंधी कॉलोनी क्षेत्र में सोमवार देर शाम हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। प्रेम प्रसंग में विवाद के बाद नशे में धुत एक युवक सुरूप मेघवाल ने दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। गंभीर रूप से घायल युवक को लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।**




जूनी इंदौर थाना पुलिस के मुताबिक घटना गली नंबर 4 की है। सुरूप एक किराएदार युवती से मिलने पहुंचा था, जो दूसरे शहर की रहने वाली है और यहां एक निजी अस्पताल में काम करती है। घटना के समय दोनों कमरे में मौजूद थे, इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हो गई। बताया जा रहा है कि विवाद अचानक इतना बढ़ गया कि युवक ने आवेश में आकर दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। छलांग लगाने के बाद वह बिल्डिंग के पीछे बनी बैक लेन में जा गिरा। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो युवक खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही जूनी इंदौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि युवक को गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। फिलहाल उसका इलाज एक निजी अस्पताल में जारी है। टीआई अनिल गुप्ता के मुताबिक युवक खंडवा का रहने वाला है। यहां युवती के साथ पहले लिवइन में रहता था। अभी मामले की जांच की जा रही है।

## ई-कॉमर्स रिटर्न पार्सलों से मोबाइल गायब मिले, डिलीवरी बॉय पर FIR

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना पुलिस ने ई-कॉमर्स कंपनी के रिटर्न पार्सलों से मोबाइल गायब कर धोखाधड़ी करने के मामले में डिलीवरी बॉय सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। शिकायत कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर योगेंद्र सिंह राठौर ने दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार पिछले 2-3 महीने में कंपनी के पास लौटे 34 मोबाइल पार्सलों में नहीं मिले। इनकी अनुमानित कीमत करीब 10 लाख 30 हजार रुपए बताई गई है। बॉक्स में केवल ब्लूटूथ डिवाइस पाए गए। जांच में सामने आया कि पार्सलों की डिलीवरी के दौरान मोबाइल बदले गए। कुछ पार्सल बिना नाम, मोबाइल नंबर और पते वाले व्यक्तियों को दिए गए थे। पुलिस ने मयूर वर्मा और नितेश कोरी से पूछताछ की। मयूर ने 9 मोबाइल संदिग्ध व्यक्तियों को देने की बात बताई, जबकि अन्य डिलीवरी नितेश द्वारा की गई थीं। शिकायतकर्ता ने बताया कि दोनों आरोपियों के साथ अन्य लोग भी इस रैकेट में शामिल हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक